दिनांक 9 जून 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने किया कैंप 2 तालाब का निरीक्षण, गंदगी देख जताई नाराजगी

भिलाईनगर/महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव ने कल सोनिया गांधी नगर क्षेत्र के कैनाल रोड का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे!

जिसके तहत निगम आयुक्त एसके सुंदरानी ने शीतला कांप्लेक्स , इमामबाड़ा, चटाई क्वार्टर के पीछे सोनकर मोहल्ला, वार्ड 22 श्याम नगर का लगभग 3 किलोमीटर पैदल चल कर निरीक्षण करते हुए नालियों की सफाई का जायजा लिया वहीं पर इमामबाड़ा में मोटर पंप लगाकर अवैध रूप से पानी का कनेक्शन लिया गया था, जिसे देखते ही आयुक्त सुंदरानी ने जोन आयुक्त एसपी साहू को मोटर जप्त करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए जिस पर जोन आयुक्त द्वारा पंचनामा रिपोर्ट तैयार करने तथा प्राथमिकी दर्ज कराने की तैयारी की जानकारी दी है! पाइपलाइन मे लिकेज को देखकर आयुक्त महोदय ने संबंधित उप अभियंता नितेश मेश्राम को तत्काल ठीक करवाने के निर्देश दिए वहीं पर स्थित नलकूप की स्थिति को देख कर ठीक करवाने एवं नलकूप के समीप वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने के निर्देश दिए गए! और इस पूरे क्षेत्र में बारिश पूर्व नाला सफाई के निर्देश उपस्थित प्र. स्वास्थ्य अधिकारी मिश्रा को दिए , कुछ क्षेत्रों में गुजरते हुए गंदगी का आलम देखकर आयुक्त ने स्वच्छता निरीक्षक आरपी तिवारी पर नाराजगी जाहिर की! कैंप 2 तालाब के पास स्थित शौचालय को बंद देख संबंधित केयरटेकर पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए! कैंप दो तालाब में पहुंचकर तलाब के आसपास की सफाई करने एवं नाला का गंदा पानी जाने से रोकने के लिए उपाय अपनाने की सलाह दी वही स्वच्छता निरीक्षक पर गहरी नाराजगी व्यक्त की! निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त जोन क्रमांक 3 एसपी साहू, प्र. स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, सहायक अभियंता कुलदीप गुप्ता, उप अभियंता नितेश मेश्राम एवं चंद्रकांत साहू सहित निगम के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है जल ही जीवन है!